Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)
Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01
सच का साथी
स्वामित्व : अपेम पेट्रोन टीम
APEM LIVE NEWS सच का साथी
दैनिक डिजिटल अखबार खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी दिनांक 10-10-2021 अंक 24
प्रकाशन वर्ष : 2021 बरही से प्रकाशित एवं संचालित संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## जन कल्याण समिति करियातपुर ने मनाया दुसरा स्थापना दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**




केक काटते जन कल्याण समिति के सदस्य

जन कल्याण समिति करियातपुर ने आज केक काटकर अपना दुसरा स्थापना दिवस हाई स्कूल करियातपुर के मैदान में मनाया। जिसमें करियातपुर पंचायत की मुखिया सुमन देवी, सामाजिक कार्यकर्ता किशुन यादव, करियातपुर के सेवानिवृत्त शिक्षक श्री मुरली मनोहर प्रसाद एवं तोखन प्रजापति विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने जन कल्याण समिति के पिछले 1 वर्ष के कार्यों की काफी सराहना की। सबों ने एक स्वर में कहा कि समिति के कार्यों की जितनी सराहना की जाए कम होगी। कार्यक्रम में उपस्थित तोखन प्रजापति ने कहा कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर समिति के द्वारा करियातपुर चौक पर चलाए गए स्वच्छता अभियान सराहनीय कदम था। करियातपुर चौक पर वर्षो से कचरा का अंबार बना हुआ था जिसे समिति के सदस्यों ने जेसीबी, ट्रैक्टर तथा श्रमदान से हटाने का काम किया। मुरली मनोहर प्रसाद जी ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान विपदा की घड़ी में प्रवासी मजदूरों , क्वॉरेंटाइन सेंटर में रहने वाले प्रवासियों के लिए अपनी जान को जोखिम में डालकर उनके लिए समिति के द्वारा सुबह से शाम तक भोजन की व्यवस्था करना सराहनीय था। मुखिया सुमन देवी ने कहा कि समिति के कार्यो से मैं बहुत खुश हूं और हमेशा समिति का साथ दूंगी। संतोष प्रसाद केसरी ने कहा कि समिति ने पिछले 1 वर्षों में कई महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य किए हैं जैसे 21 जून को योग दिवस के अवसर पर योगाचार्य बुलाकर सामूहिक योग करवाना , 25 दिसंबर को बुजुर्गो का सम्मान समारोह करना, गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाना, करोना काल में प्रवासी मजदूरों के लिए सुबह से शाम तक भोजन की व्यवस्था करना,सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित लाभुकों का घर घर जाकर सर्वे करना इत्यादि। किशन यादव ने कहा कि समिति के लोग सत्य की राह प्र चलते हुए अपनी लगन और मेहनत से अनेकों सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा परिवार टूटते चला जा रहा है। एक भाई दूसरे भाई को देखना नहीं चाह रहे हैं। इसके लिए भी कुछ ऐसा कार्यक्रम किया जाए जिससे टूटते हुए परिवार को जोड़ने में मदद साबित हो। स्थापना दिवस के अवसर पर समाज की सेवा करने के उद्देश्य समिति में तीन नए युवा सदस्य अभिषेक कुमार साव, शिवकुमार शर्मा और अरविंद कुमार कुशवाहा भी जुड़े। आज के कार्यक्रम में दिलीप कुशवाहा, भीम प्रसाद केसरी, संतोष कुमार केसरी, सोनू कुमार केसरी, सकलदेव शर्मा, दिलीप कुमार केसरी, प्रदीप केसरी, बबलू केसरी, देवचंद्र रविदास, चंदन कुमार शर्मा, डोमन प्रसाद केसरी एवं अनेकों महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में पाठ्य सहगामी क्रिया कलाप के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए पुरस्कृत, प्राचार्य ने दी दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


ऑनलाइन प्रतियोगिता मे भाग लेते बच्चे

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में शनिवार को दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर कक्षा एलकेजी से एकादश वर्ग में ऑनलाइन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कक्षा एलकेजी से यूकेजी वर्ग में बच्चों के बीच नृत्य, स्किट तथा रामायण के विभिन्न पात्रों का रोल प्ले किया गया। इस वर्ग में प्रथम स्थान हर्षवर्धन दुबे एलकेजी तथा सानवी वर्मा यूकेजी द्वितीय स्थान मिस्बा अंसारी यूकेजी तथा श्रेया अभिरामी एलकेजी और तृतीय स्थान आशुतोष कुमार यूकेजी, रियांश चोपड़ा यूकेजी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के इंचार्ज ममता कुमारी और जज की भूमिका में संध्या सिंह और नीरू कुमार ने निभायी ।कक्षा प्रथम और द्वितीय वर्ग में बुराई पर अच्छाई के प्रतीक को दर्शाते हुए बच्चों ने रोल प्ले और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान सानवी सुमन, द्वितीय स्थान ऋषिका सिंह तथा तृतीय स्थान लावण्या देवराज ने प्राप्त किया। एंकर की भूमिका में मुन्नी कुमारी और जज की भूमिका में उषा कुमारी तथा कुमारी पूनम ज्योति निभाई। पूरे कार्यक्रम की देखरेख को सीसीए इंचार्ज ममता सिंह के द्वारा किया गया। कक्षा नवम से का एकादश वर्ग में हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशुतोष कुमार आनंद दशम आ, दूसरा स्थान पलक सिंह दशम सी ,पारस कुमार जय दशम और तीसरा स्थान अभय आर्यन दशम अऔर प्रांजल बख्शी दशम आ ने प्राप्त किया। मंत्रोचार प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमांशु राज आनंद 10 आ द्वितीय स्थान शौर्य दीप दशम आ और तृतीय स्थान प्रीति कुमारी दशम अ ही ने प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता में तीनों स्थान विवेकानंद हाउस ने प्राप्त किया। अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तान्या राणा दशम डी, दूसरा स्थान पारस कुमार जय दशम बी और तृतीय स्थान हिमांशु राज दशम ने प्राप्त किया।इस कार्यक्रम के इंचार्ज की भूमिका सीसीए इंचार्ज राजेश सिन्हा ने निभाई तथा जज की भूमिका रवि उदय सिंह और राजेश सिन्हा ने निभाई। सभी सफल प्रतिभागियों को प्राचार्य अशोक कुमार सिंह के द्वारा अ०नलाइन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया ।इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि दुर्गा पूजा और दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। त्योहार हमारे जीवन में सुख समृद्धि, खुशियों के साथ –साथ प्रेम व भाईचारे का संदेश लेकर आती है ।उन्होंने विद्यालय परिवार के साथ –साथ बच्चों और अभिभावकों एवं समस्त बरही निवासियों को दुर्गा पूजा और दशहरा की शुभकामनाएं दी।

## "हम तोर से जुदा" एलबम का रिलीजिंग कल

**अपेम लाइवः बरही**
**राज आर्यन**




बहुत लंबे इंतजार के बाद हम तोर से जुदा शरिझ रंगश एलबम का रिलीजिंग कल होने जा रहा है। इस एल्बम की खास बात यह है कि यह एक स्टोरी टेलिंग म्यूजिक एल्बम है। जिसका मुम्बई के जाने माने संगीतकार विवेक बख्सी के द्वारा एवं रिक०र्डिंग धनबाद के अनुभवी रिकार्डिस्ट सचिन पाठक ने की है । जिसका कांसेप्ट सफाउल हक ने तैयार एवं एक्शन को भी डिज़ाइन किया है। साथ ही इस एल्बम में मुख्य भूमिका अभिनीत करते नजर आएंगे। और इस मधुर संगीत को अफताब जान ने गाय है। प्रोड्यूसर संतोष टोप्पो, डायरेक्टर पंकज गोस्वामी, एडिटिंग और पोस्ट चितरंजन गोस्वामी के द्वारा किया गया है। और इस बात की जानकारी अपेम कला मंच से जुड़े साथी सतीश शीतल ने दी है।

## दुर्गा पूजा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का हरिला में हुआ शुभारंभ

### उदघाटन मुकाबले में उज्जैना ने कोनरा को 15 रनों से हराया

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


क्रिकेट टुर्नामेंट का उदघाटन करते अतिथि व अन्य

बरही प्रखंड अंतर्गत करसो पंचायत के हरिला स्थित मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी बद्री यादव एवं विशिष्ठ अतिथि मनोज राम ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से औपचारिक रूप से परिचय प्राप्त कर हौसला अफजाई की तथा खेल प्रारंभ किया गया। उद्घाटन मुकाबला कोनरा तथा उज्जैना के बीच खेला गया जिसमे उज्जैना ने कोनरा को 15 रनों से हराया। आयोजक सुधीर कुमार ने बताया कि यह लीग टूर्नामेंट है जिसमें कुल 22 टीम भाग ले रही है। समाजसेवी बद्री यादव ने संबोधित करते हुए कहा की गांव के प्रतिभावान छोटे-छोटे खिलाड़ियों के द्वारा इस तरह से टूर्नामेंट का आयोजन करने से खिलाड़ियों का छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है। इससे शारीरिक और मानसिक विकास होता है। वही मुकेश राम कहा कि इसी तरह के आयोजन से अच्छे खिलाड़ियों की पहचान होती है, जिसके बाद पंचायत स्तर से प्रखंड स्तर तक और उसके बाद जिला राज्य मे अपनी खेल की प्रतिभा से अपना और अपने गांव व परिजनों का नाम रौशन करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल बहुत ही अच्छी शारीरिक गतिविधि है जो तनाव और चिन्ता से मुक्ति प्रदान करता है। मौके पर करसो मुखिया उम्मीदवार प्रतिनिधि मुकेश राम, जिलापरिषद उम्मीदवार प्रतिनिधि बद्री यादव, आयोजक बजरंग क्लब हरिला से सुधीर कुमार , पिंटु कुमार, चंदन कुमार, रितेश कुमार, रोहित कुमार, अनिल कुमार, अभिषेक कुमार, विकास, राहुल, संतोष ,सतीष, संदीप, प्रभात, आशीष , मुकेश, नितेश, आकाश आदि उपस्थित रहे।

## झारखंड राज्य पेंशनर समाज का बैठक, जीवन प्रमाण पत्र बैंकों में जमा करने का निर्देश

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही में झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल इकाई की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रत्नेश्वर प्रसाद केशरी एवं संचालन राजेन्द्र प्रसाद रुखरियार ने किया। बैठक में 31.12.2015 से 15.11.2021 तक सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों का पेंशन पुनरीक्षण का कार्य अभी तक सम्पन्न नही होने पर क्षोभ प्रकट किया गया। पेंशनर समाज की ओर से दशहरा, वरावफ़ात, दीवाली, तथा छठ पर्व का शुभकानाएं देते हुए झारखंडवासियो से अपील किया कि त्यौहार में कोरोना से सं. बंधित जारी किए गए दिशानिर्देश का पालन करे। सभी पेंशनरों से आग्रह किया गया कि वे अपना जीवन प्रमाण पत्र नवंबर माह में अपने अपने बैंकों में जमा कर दें। मोके पर अब्दुल सत्तार अंसारी, तोखन प्रजापति, बजरंग शर्मा, सहदेव सिंह, राधानाथ भगत, सुखदेव पांडेय, मुरली मनोहर प्रसाद, नारायण पंडित एवं श्री राम प्रसाद मुख्य रूप से शामिल रहे।

## एमसीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में बरकट्ठा ने कतरास को 10 रनों से हराया

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


क्रिकेट मैच मे भाग लेते खिलाडी

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको में 05 अक्टूबर से चल रहे एमसीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में दूर- दूर से टीमें भाग ले रही हैं। आज रविवार को धनबाद जिला के कतरास की टीम और बरकट्ठा टीम के बीच लीग मैच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर बरकट्ठा की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 150 रन का विशाल स्कोर बनाये जिसके बाद धनबाद जिले के कतरास टीम ने जवाबी पारी में 150 रन का पीछा करते हुए 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी। इस प्रकार बरकट्ठा टीम ने 10 रन से जीत हासिल किए। इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्लेयर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार उमरजीत कुमार को दिया गया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका शंकर दास और केदार राणा ने निभाया।

APEM LIVE
अपेम लाइव न्यूज़ में खबरें प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करे। संपर्क सूत्र
7004315535, 9550809864, 9431129570

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

## बिजली के जर्जर तार व पोल को लेकर ग्रामीण में भय, बिजली विभाग से की समस्याएं दूर कराने की मांग

## बिजली व्यवस्था में सुधार लाएं अन्यथा विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा : इन्द्रदेव यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत में बिजली तार की स्थिति को जर्जर बताते हुए डपोक पंचायत के इन्द्रदेव यादव ने बताया कि जब से ग्रामीण इलाके में बिजली आयी है तब से लेकर अभी तक बिजली का तार नहीं बदला गया है, जिससे लोगों में भय बना रहता है कि 11000 वोल्ट का तार जगह-जगह पर काफी झुक गया है। वहीं दो पोल के बीच की दूरी भी अधिक है। बताया कि थोड़ी भी आंधी तूफान आते ही बिजली 2-3 दिन गायब रहती है। उन्होंने बताया कि अभी 1 सप्ताह से बिजली की कटौती अधिक से अधिक हो रही है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रेस व मीडिया के माध्यम से बिजली विभाग के कर्मचारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार लाएं अन्यथा उसके विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।


इन्द्रदेव यादव

## कोल्हुआकला पंचायत से रामस्वरुप यादव ने मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला के बधियाजवाड निवासी रामस्वरुप यादव ने मुखिया पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने कहा कि शुरू से ही मेरी रुचि समाज सेवा में रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में एक भी सही तरीके से पंचायत में कार्य नहीं किए गए हैं। राशन कार्ड, विधवा वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर केवल लूट मचाई गई है। वही नाली गली का हाल भी बेहाल है। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि एक बार उन्हें मौका दें वह अपने पंचायत के विकास तथा सभी की आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे।


रामस्वरुप यादव

## निशुल्क किडनी जांच सह जागरूकता शिविर का आयोजन

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**

लायंस क्लब गिरिडीह के द्वारा स्थानीय विश्वनाथ नर्सिंग होम में आर्किड हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध डॉक्टर किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नवीन कुमार बरनवाल के सहयोग से एक निशुल्क किडनी जांच सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में 85 मरीजों की जांच की गई एवं उन्हें स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक उपाय एवं जानकारियां डॉक्टर नवीन बरनवाल जी के द्वारा दी गई आर्किड हॉस्पिटल से टेक्नीशियन की एक टीम टीम भी अरविंद कुमार के नेतृत्व में मरीजों का विभिन्न प्रकार का टेस्ट निशुल्क किया गया आर्किड हॉस्पिटल के द्वारा ही आश्वासन दिया गया कि आगे भी अन्य रोगों से संबंधित जांच लगातार जारी रहेगी इस जांच शिविर के संयोजक लॉयन धीरज जैन एवं लाइन रवि अग्रवाल लाइन विकास खेतान की सराहनीय भूमिका रही इस जांच शिविर में अध्यक्ष लॉयन प्रवीण बगड़िया सचिव लॉयन निर्मल कुमार कोषाध्यक्ष लॉयन दिनेश खेतान लॉयन डॉक्टर नीरज डोकानिया लॉयन रतन गुप्ता लॉयन संजय डांगएच लॉयन अशोक बगड़िया लायन अनिल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे


किडनी जांच सह जागरूकता शिविर मे शामिल लोग

## धर्मशाला निर्माण को लेकर ब्रम्हर्षि समाज की बैठक, जुटे 36 गांवों के लोग

### समाज को दहेज प्रथा, व नशामुक्त बनाने सहित शैक्षणिक विकास पर जोर

**अपेम लाइवःचौपारण**
**किशोर राणा**

प्रखंड के पडरिया पंचायत भवन में ब्रम्हर्षि समाज की आहूत बैठक में समाज के 36 गांवों के लोगों ने समाज के अध्यक्ष सुधीर सिंह की अध्यक्षता में कई मुद्दों पर चर्चा किया गया। जिसमें भद्रकाली व चौपारण में धर्मशाला निर्माण, समाज को दहेज व नशामुक्त बनाने व शैक्षणिक विकास पर विशेष रूप से चर्चा हुई। बैठक हजारीबाग व चतरा जिला के चौपारण, बरही, गिद्धौर, इट्खोटी व मयूरहंड पांच प्रखंडों के 36 गांवों से समाज के लोग जुटे। समाज के लोगों के द्वारा इट्खोरी में माँ भद्रकाली मन्दिर क्षेत्र में धर्मशाला निर्माण हेतु भूमिप. ूजन भी किया जा चुका है जिसे शीघ्र पूरा करने की रणनीति पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन जनार्दन सिंह ने किया। बैठक में सचिव सत्यानंद सिंह, ब्रम्हदेव पांडेय, अर्जुन पांडेय, सुखदेव सिंह, राजकुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, दिनेश शर्मा, रामफल सिंह, प्रवीण सिंह, मंटू सिंह, प्रदीप सिंह, शंकर सिंह, राम प्रकाश सिंह, दिलीप सिंह, रणविजय सिंह, कौशल किशोर, अरुण सिंह, पप्पू सिंह, मनोज सिंह, बिनोद सिंह, संदीप सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।


बैठक मे शामिल लोग

अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें ।
9122222016, 9550809864, 9431129570

## रेणु यादव ने पेश की बरही पूर्वी जिला परिषद की उम्मीदवारी

### अपने बहुमुल्य वोट के महत्व को समझे एवं प्रलोभन में न दे वोट : रेणु यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

पंचायत चुनाव आते ही उम्मीदवारों की संख्या बढ़ती जा रही है। सभी अपने-आप अपने क्षेत्र का विकास करने के लिए चुनाव लड़ने की इच्छा जता रहे है। इसी क्रम में बरही पूर्वी जिला परिषद के रूप में मलकोको पंचायत के बेलादोहर निवासी समा. जसेवी अनुज यादव की पत्नी रेणु यादव ने दावेदारी पेश की है। रेणु यादव ने लोगों से अपील की है कि आगामी पंचायती चुनाव में लोग इस बात का जरूर ध्यान रखें की आपके पंचायत, गांव और आपके घर अगर कोई उम्मीदवार वोट मांगने आए जो मुर्गा दारू और पैसा पर आपकी कीमती बहुमूल्य मत को खरीदने का कोशिश करें तो आप जरूर उन्हें चिन्हित करें और उनके बारे में मंथन करें। कहा कि जो चुनाव से पहले जो आपको व आपकी मत को खरी. दने की कोशिश कर रहा है आप उनसे आगे क्या उम्मीद कर सकते हैं। क्या वह जीतने के बाद आपकी सेवा करेगा, आपके बच्चों की भलाई की बात करेगा, आने वाले कल आपके बच्चों की पढ़ाई की बात करेगा। कहा कि जो यह बोलकर अपने आप को गौरवान्वित और शान महसूस करते है कि मैं 20 और 30 लाख रुपया पंचायती चुनाव प्रचार में खर्च करता हूं वह भी किसी के पढ़ाई पर नहीं, बल्कि मुर्गा, मदिरा, दारू पर। किसी की बीमारी पर नहीं, उन्हें बीमार करने के लिए। उन्होंने लोगो से अनुरोध करते हुए कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर अपने गांव तक आने से जरूर रोकें क्योंकि ऐसे लोग आपके आने वाले भविष्य को विकास की ओर जाने से रोक रहे हैं। आपके समाज को एक नई दिशा, एक नई राजनीतिक, एक नई जोश तथा एक शिक्षित उम्मीदवार की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह पहचान करें कि उम्मीदवार के पास अच्छा धन हो या ना हो पर अच्छा मन जरूर होना चाहिए।


रेणु यादव

## जानलेवा हमला एवं छिनतई के मामले में दो पर प्राथमिकी दर्ज, एक को जेल

**अपेम लाइव बरही :**

अफीम कोठी बरही निवासी शिव शंकर कुमार पिता राजकुमार रविदास के आवेदन पर अफीम कोठी निवासी रवि माली पिता उपेंद्र माली एवं मोहम्मद शाहबाज सदर हजारीबाग के खिलाफ बरही थाना में जानलेवा हमला करने, जबरन वसूली करने तथा धमकी देंने के मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में सूचक ने बताया कि उक्त दोनों उन्हें अपनी गाड़ी से पूजा कराने के लिए भद्रकाली मंदिर ले गए वापस लौटते समय चार माइल के पास दोनों ने मिलकर उनके साथ मारपीट किया एवं उनके पास में रखा रू 2000 जबरन छीन लिया वह किसी तरह वहां से भाग कर अपने घर पहुंचा अपनी आपबीती बताई जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है पुलिस प्राथमिकी दर्ज करते हुए तत्काल रवि माली पिता उपेंद्र माली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया रवि माली अफीम कोठी में किराए का मकान में रहता है।

कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,


सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी, कोनरा पंचायत
आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।


निवेदिका :- कैशर प्रवीण

दिनांकः 09-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 03

विज्ञापन के लिए संपर्क करे
सोनु पंडित : संपर्क सूत्र
9550809864

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## नेहरू युवा केंद्र ने चलाया सफाई अभियान

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

नेहरू युवा केन्द्र हज़ारीबाग के तत्वावधान से चलकुशा प्रखंड के पंचायत मनैया में स्वच्छ भारत कार्यक्रम चलाया गया। प्रखंड के पूर्व युवा स्वयंसेवक छोटीलाल कुमार सिंह ने अपने साथ जागृती क्लब जमसोति के सदस्यों के साथ मिलकर गाँव के गली- मुहल्ले, चौक- चौराहे में साफ-सफाई के साथ प्लास्टिक के कचरे को जमा किया। स्वयंसेवको ने दुकानों तथा घरों में जाकर लोगो से प्लास्टिक के कचरे को जमा किया साथ ही लोगो को जागरूक किया कि प्लास्टिक के जगह अन्य चीजों का उपयोग करने के लिए लोगो से आग्रह किया। इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक ब्रह्मदेव रजक ने स्वयं कचरे को उठाकर ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया साथ उन्होंने कहा है पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमें कम से कम प्लास्टिक का उपयोग ना करना हा. ेगा। वही प्रखंड के युवा स्वयंसेविका दुलारी कुमारी ने बताया की प्लास्टिक एक ऐसा चीज़ जिसको हम न जला सकते और ना ही फेक सकते है दोनों ही स्थिति में यह हमारे पर्यावरण के लिए हानिक. ारक है। इसके लिए दुक. ानदारों से प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने पर अपील की। स्वछ भारत का यह कार्यक्रम जिला युवा अधिक. ारी रुद्र शेखर के देख रेख में 1 अक्टूबर पूरे जिले भर में प्रखंड के गांवों में चलाया जा रहा है जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। पूरे जिले में 11000ाह प्लास्टिक के कचरे को जमा करने का लक्ष्य रखा गया है। वही दूसरी ओर खरगु में पूर्व युवा स्वयंसेवक सचिन कुमार रविदास के देख रेख में गाँव के मंदिर के आस-पास लोगो को जागरूक करते हुए प्ला. स्टिक के कचरे को जमा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनैया के सुनील साहू, राहुल यादव, संदीप यादव, गोपाल साहू, महेश यादव ,सीताराम यादव, सुधीर यादव अनुपम, भीम , सोनू , संदीप , उमेश, अजीत, सागर इत्यादि शामिल थे।



सफाई अभियान चलाते नेहरू युवा केंद्र के सदस्य

## झामुमो टाटीझरिया के बेडम पंचायत कमिटी का गठन, पार्टी की मजबूती पर दिया जोर

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**
**राजू यादव**

झारखंड मुक्ति मोर्चा बेडम पंचायत कमिटी गठन के लिए बैठक किया गया। यह बैठक बेडम के महावीर मंदिर में प्रांगण किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रवि कुमार सिंह एवं संचालन प्रेमचंद गुप्ता ने किया। इसमें
अध्यक्ष पद के लिए पुरण रोहतास महतो का नाम प्रस्..मो प्रखंड अध्यक्ष ने कमिटी
महतो, सचिव पद के लिए तावित किया गया है। झाम. गठन कर पार्टी को मजबूत
करने की बात कही। बैठक में मनोहर महतो, धनीराम मांझी, तुलेश्वर महतो, दुलारचंद अगेरिया, बद्री महतो, तुलेश्वर महतो, महेश करमाली, ललिया देवी, शांति देवी, रेखवा देवी, यमुना कुमार करमाली, ब्रहमदेव अगेरिया, बिसनी देवी, परवा देवी, धानेश्वरी कुमारी, गुडिया देवी, तेलो महतो, महेश मलहार, रामेश्वर तुरी व अन्य उपस्थित थे।



पंचायत कमेटी गठन में शामिल लोग

## नहाने के क्रम में तालाब में डूबने से युवक की मौत

**अपेम लाईव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**

प्रखंड अंतर्गत पिपराडीह स्टेशन के समीप तालाब में नहाने गए एक युवक की मौत हो गई स मिली जानकारी के अनुसार चंदवारा के श्रीराम चौक निवासी पोखन राणा के 14 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार पि. पराडीह स्टेशन के निकट जानवर चराने गया था। इसी बीच कुछ युवकों के साथ तालाब में नहाने गया और गहरी पानी में डूब गया। तालाब में डूबे रहने की सूचना पाकर ग्रामीणों के द्वारा उक्त बच्चे को गहरी पानी में खोज बिन करने के बाद बच्चे की शव को पानी से निकाला गया। मृतक रोशन कुमार तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। इधर घटना की सूचना मिलते ही मुहल्ले में मातम छाया गया। पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर चंदवारा पूर्वी मुखिया सह प्रधान मो. नसीम, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य दिलीप राणा, छोटू राणा, दिलीप रविदास सहित कई अन्य लोग मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिया।

## प्रभावित किसान रैयत समिति का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक से मिला

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

बानादाग, कटकमदाग प्रभावित किसान रैयत समिति के आंदोलन के क्रम में प्रभावितों का एक प्रतिनिधिमंडल राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष जय शंकर पाठक एंव जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक से मिला तथा प्रभावित रैयतों के जायज मांगो पर सक. ारात्मक चर्चा के उपरान्त प्रशासन से जायज मांगों को मनानें की सहमति दी तथा प्रतिनिधिमंडल को कोल साइडिंग के बाधित कार्य को चालू कराने का अनुरोध किया । प्रतिनिधिमंडल में प्रभावित गांव बांका, कटकमदाग, बानादाग, कोसुंभा के लोग शामिल थे । प्रतिनिधिमंडल में पप्पू आजाद, प्रकाश यादव, विकास कुमार, वि. रेन्द्र यादव, उपेन्द्र महतो, अशोक यादव, तापेश्वर महतो, बालेश्वर महतो, नरेश यादव, अजय कुमार, कांग्रेस के विरेन्द्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, गोविंद राम, ओम झा, सुधीर कुमार पाण्डेय, सरयू यादव, सुनिल कुमार ओझा, शिव नंदन साहू, केडी सिंह, मनोहर शर्मा, नरेश प्रसाद, रंगदार खान, नरेश कुशवाहा, बासीर हुसैन, फिरोज अंसारी, खुर्शीद खान, असगर अली, मो. जमाल, रंजीत यादव, संदीप यादव, आषिश कुमार, बब्लू कुमार, पवन तुरी, धनेश्वर रविदास, फोटोग्राफर सुजल वर्मा, शितेश तिवारी के अतिरिक्त सैकड़ो में किसान रैयत आंदोलनकारी उपस्थित थे ।



प्रभावित किसान रैयत

## पेड़ों की अवैध कटाई से ठूंठ में तब्दील हो रहा जंबुवा जंगल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार गोल्डी**

पर्यावरण सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने वाले हरे पेड़-पौधे तमाम कवायदों के बाद भी दिन-प्रतिदिन कम होते जा रहे हैं। वन विभाग की उदासीनता का परिणाम है कि जंगल के हरे पेड़ों-पौधों की बेखौफ कटाई की जा रही है। जितने पेड़ कट रहे, उसकी तुलना में पौधारोपण व पेड़ों का संरक्षण नहीं हो पा रहा है। विष्णुगढ़ के सोतिया नदी के ऊपर स्थित जम्बुआ जाने वाले रास्ते के दोनों किनारों में जंगल हैं। इस जंगल में लकड़ी तस्करों के हौसले इतने बुलंद है कि वन विभाग की आंखों में धूल झोंककर अवैध कटाई को अंजाम दे रहे हैं। मॉर्निंग व०क के दौरान कुछ युवकों की नजर जब पेड़ के कटे हुए ठूंठ पर पड़ी तो इन्हें काफी निराशा हुई। इन लोगों ने बताया कि पेड़ का कटा हुआ मोटा तना जंगल मे ही छोडा हुआ मिला। कुछ दिन पूर्व भी इस तरह की खबरें समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था, लेकिन अफसोस की बात है कि वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा अबतक इस जंगल की ओर ध्यान नहीं दिया गया और अभी भी पेड़ों की कटाई निरंतर जारी है। पेड़ के नए-नए कोपलें निकल रही हैं, वे भी पशुओं की चराई के कारण सफाचट हो जा रहा है। बताया कि कुछ लोग दातुन, पत्ता और घेरावन के लिए पेड़ों को काटकर गिरा देते हैं। जिसके कारण जंगल में दिन-प्रतिदिन पेड़-पौधों की हरियाली कम होते जा रही है। अगर यह सिलसिला निरंतर चलता रहे तो फिर आने वाले दिनों में ये हरा-भरा दिखने वाला ये जंगल पूरी तरह से खत्म हो जायेगा। लोग शुद्ध हवा के लिए भी तरस जाएंगे। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि जंगल में पेड़ों की कटाई रोकी जाए।



जंगल में काटे गए पेड़

## लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें, सफलता आपके कदम चूमेगा : भुनेश्वर यादव

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**

बसरिया में संचालित कोचिंग संस्थान सक्सेस पॉइंट में वर्ग दशम व नवम के बच्चों को भविष्य की तैयारियो व सफलताओं को लेकर मोटिवेशनल क्लास का आयोजन किया गया। वक्ता के रूप में समाजसेवी भुनेश्वर यादव व स्थानीय मुखिया नरेश पासवान सम्मिलित हुए। इससे पूर्व कोचिंग संचालक प्रकाश रजक ने अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। बच्चों को संबोधित करते हुए भुनेश्वर यादव ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर भविष्य की तैयारियो में जुटे सफलता आपके कदम चूमेगी। कहा किताबी ज्ञान के अलावे आप बाहरी ज्ञान भी अर्जित करें। आप अपने आचरण, व्यवहार व संस्कार से सबका दिल जीते। आप एक सर्वगुण सपन्न विद्यार्थि बने बने आप जीवन के हर मोड़ में सफल होंगे। श्री यादव ने संचालक प्रकाश रजक की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कम राशि मे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर बच्चों का भविष्य गढ़ने का कार्य कर रहा है। मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षाओ के अलावे जैक द्वारा निर्धारित परीक्षाओं में सक्सेस प०इंट के बच्चे अव्वल प्रदर्शन कर रहे है। संचालक प्रकाश रजक ने कहा कि हमारे कोचिंग में बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए सिलेबस के अलावे कैरियर के भी जानकारी दिया जाता है।



बच्चों को संबोधित करते हुए भुनेश्वर यादव

<u>आज का पचिांड्ग-</u>

आज का अंग्रेजी दिनांकः- 11.10.2021
शुभसंवत् :-2078 (आनंद)
शके :- 1943
याम्यायन सौम्यगोले
ऋतुः---शरद
माह :-अश्विन
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---पंचमी तिथि प्रातः 06:27 तक उपरांत षष्ठी तिथि
दिनः---सोमवार
नक्षत्र :---ज्येष्ठा नक्षत्र
योग :---सौभग्य
करण :---वा
सूर्योदय :- प्रातः 06:13
सूर्यास्त : संध्या 05:47
सूर्य :- कन्या राशि में
चंद्रमा :-- वृश्चिक राशि में संध्या 05:51 तक उपरांत धनु राशि में
आज का राहूकाल प्रातः :---07:30 बजे से प्रातः:---09:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तरू---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
नोट :--कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रा. रंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभि. जीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है।



आलेखः---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## सतीष कुमार ने दिया मानवता का पहचान, जरूरतमंद महिला को दिया ब्लड

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**मानव राज सिंह**

शुक्रवार को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज सदर में भर्ती आशा देवी मटवारी हजारीबाग की रहने वाली थी, जो डॉक्टर के अनुसार उनका शरीर मे ब्लड बहुत ही कम मात्रा में था। आशा देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए, सतीश कुमार ने महिला को अपना ब्लड दिया। जानकरी के लिए आपको बता दे कि सतीष कुमार, पिता संजय साव, ग्राम बडासिंगा,पोस्ट बेल्कप्पी, थाना गोरहर निवासी है ।



डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## दुधिया रौशनी से जगमग हुआ बच्छई, रात्रि क्रिकेट मैच का डीएसपी ने किया शुभारंभ

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**


बरही एसडीपीओ को गुलदस्ता देते हुए।

यंग स्टार इलेवन क्लब बच्छई द्वारा आयोजित रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ हुआ। बरही डीएसपी नाजीर अख्तर व सिमरिया डीएसपी सह बच्छई निवासी अशोक प्रियदर्शी ने फीता काटकर उदघाटन मुकाबला का किया शुरुवात। इस दौरान डीएसपी बरही ने बैटिंग व सिमरिया डीएसपी बॉलिंग कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। आयोजको ने अतिथियो को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। खिलाड़ियो को सम्बोधित करते हुए मो नाजीर अख्तर ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इतना बड़ा आयोजन का. बले तारीफ है। कहा दिन में आगोजन तो हरेक जगह होता है लेकिन रात्रि में क्रिकेट का आयोजन बहुत कम होता है। सिमरिया डीएसपी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा का कमी नही है अवसर मिलने पर प्रतिभा में होता है निखार। मंच का सफल संचालन शिक्षक प्रकाश कुमार यादव ने किया। पहले दिन खेले गए मुकाबले में न्यू सिंघरावां ने पुरनाथम, हजारी ने न्यू सिंघरावां बी टीम, अम्बाजीत ने कुड़वा को परा. जित कर अगले दौर में किया प्रवेश। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष देवल यादव, सचिव बीरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष बासुदेव रविदास, खिलाड़ी सचिन कुमार, दीनानाथ यादव, संदीप कुमार, बीरेंद्र यादव, रंजीत राम, उमेश यादव, कमलेश यादव, प्रकाश यादव, आदि ने महती भूमिका निभाया। मौके पर समाजसेवी भुनेश्वर यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र रजक, समाजसेवी रामलखन राणा, नकुल रजक, बीरेंद्र भुइयाँ, मिनहाज मेहंदी, दिनेश यादव उर्फ गांधी जी, महेंद्र यादव, गिरधारी रविदास, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जे का किया विरोध, सीओ को सौंपा आवेदन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार गोल्डी**

प्रखंड के खरना पंचायत अंतर्गत बारा गांव में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा का ग्रामीणों ने विरोध किया है। अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी को आवेदन सौंपकर अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा है कि बारा गांव में स्थित गैर मजरूआ भूमि जिसका खाता नंबर 70, प्ल०ट नंबर 944 जमीन को बारा गांव के रोहित प्रसाद पिता स्वर्गीय गेंदु महतो, सुरेश प्रसाद पिता स्वर्गीय भुनेश्वर महतो, अर्जुन महतो पिता स्वर्गीय भुनेश्वर महतो, रामू महतो पिता स्वर्गीय भुनेश्वर महतो तथा तुलसी रविदास पिता चरक रविदास ने कब्जा करने की नियत से अवैध अतिक्रमण कर लिया है। इस भूमि पर कब्जा कर अतिक्रमणकारियों ने चहारदीवारी से भी घेर लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस सरकारी भूमि पर पूर्व से आंग. नबाड़ी केंद्र तथा पैक्स का धान क्रय केंद्र का अर्ध. निर्मित भवन स्थापित है। सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा करने से इस भूमि का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। इससे ग्रामीणों को भी काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने अतिक्रमणकारियों के कब्जे से सरकारी भूमि को मुक्त करवाने की मांग अंचला. धिकारी से की है। आवेदन में मुखिया रीना देवी पंसस चुनुलाल सोरेन, मीना देवी, अनीता देवी, अर्जुन प्रसाद, डोमन नायक, महेश प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, विजय राम, खेमलाल राम, परमेश्वर रजवार, इंद्रा देवी, कैलाश सिंह, ढ़ालचंद नायक, रामेश्वर ठाकुर, दशरथ महतो, जीवाधन महतो, नुनु महतो, कपिलदेव रजवार, मनोज कुमार समेत दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

## ग्रामीणों के हक एवं अधिकार दिलवाने के लिए उनका ढाल बनकर सबसे आगे खड़ी हूं : अंबा

### बानादाग साईडिंग मे धरना प्रदर्शन के दौरान बेकाबू हुई स्थिति को बड़कागांव विधायक ने करवाया शांत

**अपेम लाइव : हजारीबाग**


पुलिस प्रसाशन से बात करते अंबा प्रसाद

विगत कुछ दिनों से बानादाग रेलवे साइडिंग धरना स्थल पर स्थिति बेक. ाबू हो गई। अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे स्थानीय ग्रामीणों पर पुलिस प्रशासन ने बल प्रयोग किया, वाटर कैनन का इस्तेमाल किया और लाठी चार्ज भी किया। स्थल पर पत्थरबाजी होने लगी। भगदड़ की स्थिति बन गईद्य घटना की सूचना पाकर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद तुरंत धरना स्थल पर पहुंची और ग्रामीणों और प्रशासन के बीच मध्यस्थता बनाते हुए स्थिति को काबू में कियाद्य पुलिस प्रशासन को धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर ज्यादती ना करने और ग्रामीणों को पत. थरबाजी ना करने के लिए समझाया। मामले को शांत कराने के लिए उन्होंने खुद से माइक लेकर शांति बनाने रखने का आह्वाहन कियाद्य अंबा प्रसाद द्वारा किए गए गंभीर प्रयास के बाद स्थिति ठीक हुई और धरना स्थल पर शांति बनी। ग्रामीणों द्वारा अपने हक एवं अधिकार को लेकर लगातार किए जा रहे आंदोलन पर बड़कागांव विधायक ने कहा कि वे ग्रामीणों के हक और अधिकारों के लिए उनका ढाल बनकर खड़ी हैं। आला अधिकारियों से लगातार पल–पल की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों की मांगों को पूर्ण करने हेतु लगातार प्रयासरत हैंद्य उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के एक प्रति. निधिमंडल के साथ संबंधित पदाधिकारियों के बीच जल्द बैठक होगी एवं आंदोलनरत ग्रामीणों की मांगों पर सा. र्थक पहल होगी।

## चौपारण प्रेस क्लब ने थाना प्रभारी को बुके देकर किया गया सम्मानित

### पुलिस– पत्रकार मिल करेंगे जनकल्याण कार्य : थाना प्रभारी

**अपेम लाइव :चौपारण**
**धीरज प्रजापति**


बुके देकर सम्मानित करते प्रेस क्लब व अन्य

चौपारण ब्लॉक परिसर स्थित प्रेस क्लब कार्यालय सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार लीगल अवेर्नेस केंद्र में नए थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रेस क्लब संरक्षक मुकुंद साव, अभिमन्यु प्रसाद भगत, सुरेश कुमार साव सहित प्रेस क्लब के सभी पत्रकारों ने सामूहिक रूप से बुके देकर स्वागत किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि प्रेस क्लब चौपारण के द्वारा जनहित में बेहतर कार्य करने का जो प्लेटफार्म तैयार किया गया है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा की प्रेस एवं पुलिस की बेहतर तालमेल से चौपारण को अपराध मुक्त क्षेत्र बनाते हुए जनकल्याण कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल लॉयर बासुदेव राणा, राम प्रसाद साहू, पीएलवी पंकज कुमार, प्रेस क्लब के अध्यक्ष सह पीएलवी हरेंद्र राणा, प्रमोद सोनी, अभिमन्यु सिंह, अरविंद सिंह, मुकेश राणा, रामसेवक राणा, मिथुन दांगी, अक्सर अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।







